भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 343 का उत्तर

चंडीगढ़-यमुनानगर रेलवे लाईन

343. श्री वरुण चौधरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रस्तावित चंडीगढ़-यमुनानगर वाया नारायणगढ़ रेलवे लाइन पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) यह परियोजना कब तक पूरी हो जाएगी?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): चंडीगढ़-यमुनानगर बरास्ता नारायणगढ़ रेल लाइन परियोजना को हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचआरआईडीसी) द्वारा विकास हेतु चिह्नित किया गया है, जो हरियाणा राज्य सरकार (51%) द्वारा नियंत्रित एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ने परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार की है।

****

s.k